<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–05 फरवरी 2026</u> **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बैठक कर आवास और शहरी नियोजन विभाग के कार्यों की समीक्षा की। लंबित आवंटनों के निस्तारण के लिए एकमुश्त समाधान योजना लागू करने के दिए निर्देश।
- मुख्यमंत्री ने वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस में प्रदेश के लिए रेल बजट आवंटन का किया स्वागत। कहा–प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी मार्गदर्शन में विकसित भारत दो हजार सैंतालीस के संकल्प को सिद्ध करने में अपना पूर्ण योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है 'उत्तर प्रदेश'।
- उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने कल देर शाम घोषित किया पीसीएस मुख्य परीक्षा दो हजार चौबीस का परिणाम। दो हजार सात सौ उन्नीस अभ्यर्थी साक्षात्कार के लिए सफल घोषित।
- मथुरा में नंदगांव–बरसाना की विश्व प्रसिद्ध लट्ठमार होली की तैयारियां जोरों पर।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में आवास और शहरी नियोजन विभाग की बैठक में लंबित आवासीय तथा व्यावसायिक आवंटनों के त्वरित निस्तारण के लिये अधिकारियों को एकमुश्त समाधान योजना –ओटीएस–दो हजार छब्बीस लागू करने के निर्देश दिए। प्रस्तुत है एक रिर्पाट–

**मुख्यमंत्री ने कहा कि एक मुश्त समाधान योजना का स्वरूप मानवीय, न्याय संगत और व्यावहारिक बनाया जाए। साथ ही एकमुश्त भुगतान पर उपयुक्त छूट और किस्तों में भुगतान का विकल्प उपलब्ध कराया जाए। प्रत्येक आवेदन का निस्तारण निर्धारित समय सीमा में सुनिश्चित किया जाए, जिससे आवंटियों को राहत मिले और विभागीय राजस्व में बढ़ोत्तरी हो। उन्होंने कहा कि सभी पात्र आवंटियों तक योजना की जानकारी पहुंचे, इसके लिए व्यापक प्रचार–प्रसार कर पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन और पारदर्शी रखी जाए। बैठक में मुख्यमंत्री ने श्री अयोध्या धाम में माता सीता के जीवन पर केंद्रित वैदेही आर्ट गैलरी की स्थापना का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सीता मइया भारतीय संस्कृति, मर्यादा और नैतिक आदर्शों की प्रेरणा हैं। समाचार कक्ष से ओम अवस्थी।**

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के लिए वित्तीय वर्ष दो हजार छब्बीस–सत्ताईस में रेल बजट आवंटन का स्वागत किया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के एक पोस्ट को साझा करते हुए मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश, 'नए भारत–आत्मनिर्भर भारत' के निर्माण तथा 'विकसित भारत–दो हजार सैंतालीस' के संकल्प को सिद्ध करने में अपना पूर्ण योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है।

**********

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कल कौशांबी में पत्रकार वार्ता कर केंद्रीय बजट को देश को नई दिशा देने वाला बताया। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप देश की एक सौ चालीस करोड़ जनता के जीवन को खुशहाल बनाने का स्पष्ट रोडमैप प्रस्तुत करता है।

**इस बजट में जहां देश की चाहे जनता हो 140 करो उनके जीवन को खुशहाल बनाने के लिए गरीब है तो गरीब कल्याण की योजनाओं अन्य दाता है तो अन्य दाताओं को समृद्धशाली  बनाने के लिए महिलाओं का सशक्तिकरण करने के लिए और हर युवा को रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए इस बजट में स्पष्ट संदेश देने का काम किया गया है।  हम 2047 तक विकसित भारत बनेंगे। यह बजट इस बात का देश को आश्वासन देता है।**

**********

सर्वोच्च न्यायालय ने नीट–पीजी दो हजार पच्चीस– छब्बीस के लिए क्वालीफाइंग कट ऑफ परसेन्टाइल को काफी कम करने के राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान परीक्षा बोर्ड के निर्णय के विरूद्ध दायर याचिका पर केन्द्र सरकार और अन्य प्राधिकरणों से जवाब मांगा है। न्यायमूर्ति पी.एस.नरसिम्हा और न्यायमूर्ति आलोक अराधे की पीठ ने केन्द्र सरकार, राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान परीक्षा बोर्ड, राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग तथा अन्य संबंधित संस्थाओं को नोटिस जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई कल होगी।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से कल परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को देखने का आग्रह किया है। इस कार्यक्रम को लेकर प्रदेश के छात्र–छात्राओं और शिक्षकों में भी काफी उत्साह है। अमरोहा में शिक्षक रंजना चौहान कहती हैं कि इस कार्यक्रम से छात्र छात्राओं का तनाव कम होता है।

**प्रधानमंत्री जी द्वारा चलाया गया परीक्षा पर चर्चा यह बहुत ही अच्छा कार्यक्रम है जिसके द्वारा बच्चे प्रधानमंत्री जी से जुड़ पाते हैं। साथ–साथ तनाव मुक्त एक माहौल बनता है बच्चों का और बच्चे परीक्षा को अच्छे से लिख पाते हैं। इस बार हमारे स्कूल ने बच्चों का**

**रजिस्ट्रेशन कराया है। साथ–साथ पेरेंट्स का और शिक्षकों का भी रजिस्ट्रेशन हुआ है और आशा करती हूं कि इस बार भी यह जो कार्यक्रम है यह काफी उत्साहवर्धक होगा और बच्चों को काफी कुछ जानने का सीखने का भी मौका मिलेगा।**

**********

उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने पीसीएस मुख्य परीक्षा–दो हजार चौबीस का रिजल्ट कल देर शाम घोषित कर दिया। आयोग ने दो हजार सात सौ उन्नीस अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए सफल घोषित किया है।

पीसीएस मेंस की लिखित परीक्षा 29 जून से दो जुलाई दो हजार पचीस तक प्रयागराज और लखनऊ के परीक्षा केंद्रों पर आयोजित हुई थी। मेंस परीक्षा में कुल तेरह हजार सात सौ छिहत्तर अभ्यर्थी शामिल हुए थे।

**********

मथुरा में नंदगांव–बरसाना की विश्व प्रसिद्ध लट्ठमार होली की तैयारियां जोरों पर हैं। होली पर देश दुनिया से मथुरा पहुंचने वाले भक्तों को भव्य और सुरक्षित अनुभव देने के लिए कल जिलाधिकारी सी पी सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की। जिलाधिकारी ने बताया कि बैठक में सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन और यातायात के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए गए हैं।

**बरसाना में, नंदगांव में, बलदेव में, गोकुल में जन्मभूमि पर और श्री ठाकुर बांके बिहारी जी के मंदिर परिसर में छोटी–छोटी बैठकें करके तैयारी व्यवस्था कराएंगे और जो आयोजक गण हैं, जो मंदिर के प्रशासक गण हैं या मंदिर के जो हमारे गोस्वामी गण हैं, उनके साथ बैठ करके एक ऐसी रूपरेखा बनाएंगे जिससे त्यौहार सकुशल और अच्छी सुखद के साथ बीते और किसी भी श्रद्धालु को या किसी भी आगंतुक को किसी प्रकार की असुविधा ना हो।**

**********

श्री काशी विश्वनाथ धाम में महाशिवरात्रि को लेकर विशेष तैयारियां की जा रही हैं। एक रिपोर्ट–

**श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास ने 15 फरवरी को होने वाली पूजा–आरती का समय जारी कर दिया । महाशिवरात्रि पर मंगला आरती प्रातः 2 बजकर 15 मिनट से प्रारंभ होगी, जबकि मंदिर प्रातः 3 बजकर 30 मिनट पर दर्शनार्थियों के लिए खोल दिया जाएगा। मध्याह्न भोग आरती प्रातः 11 बजकर 40 मिनट से शुरू होगी। महाशिवरात्रि पर चारों पहर की विशेष आरती भी संपन्न होगी, जिसमें रात्रि से प्रातः तक श्रद्धालुओं को बाबा विश्वनाथ के दर्शन का अवसर मिलेगा। वाराणसी से मनीष सिंह की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से अरुण।**

**********

गाजियाबाद में कल नौवीं मंजिल के फ्लैट की बालकनी से कूदने से तीन नाबालिग बहनों की मौत हो गई। शुरुआती जांच में पता चला है कि बहनें एक कोरियन टास्क.बेस्ड इंटरैक्टिव गेम की लती थीं। असिस्टेंट कमिश्नर ऑफ पुलिस अतुल कुमार सिंह ने बताया कि लड़कियों के मोबाइल फोन की जांच कर उस गेम के बारे में जानकारी हासिल की जायेगी, जिसकी उन्हें लत लगी थी।

**********

शासन ने कल देर रात पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल करते हुए ग्यारह जिलों के कप्तान सहित चौबीस आईपीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। एक रिपोर्ट–

**आईजी अयोध्या के पद पर तैनात प्रवीण कुमार को एडीजी जोन लखनऊ बनाया गया है। वहीं एडीजी जोन लखनऊ सुजीत पाण्डेय को डीजी अग्निशमन व आपात सेवाएं के पद पर तैनात किया गया है। डाक्टर कौस्तुभ को गोरखपुर का एसएसपी बनाया गया है और यहां तैनात एसएसपी राजकरण नय्यर को गाजियाबाद कमिश्नरेट में अपर पुलिस आयुक्त बनाया गया है। इसी तरह रायबरेली में तैनात रहे यशवीर सिंह को बस्ती का एसपी और यहां के एसपी अभिनन्दन को सहारनपुर के एसएसपी की जिम्मेदारी दी गयी है। इसके अलावा पुलिस उप महानिरिक्षक मेरठ विपिन टाडा को संयुक्त पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट कानपुर नगर बनाया गया है। समाचार कक्ष से अरूण।**

**********

मौसम विभाग ने प्रदेश में आज मौसम शुष्क रहने की संभावना व्यक्त की है। विभाग के अनुसार पश्चिमी जिलों में आज तेज सतही हवाएं चलने की भी संभावना है। विभाग ने प्रदेश के पूर्वी हिस्सों में आज और कल कहीं कहीं घना कोहरा पड़ने का येलो अलर्ट भी जारी किया है।

**********